अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस

स्रोत: पी.आई.बी.

राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नई दिल्ली ने हाल ही में **21 मार्च, 2024 को "वन और नवाचार: एक बेहतर दुनिया के लिये नए समाधान"** विषय के तहत अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया।

- इस आयोजन का उद्देश्य आगंतुकों के बीच वनों के महत्त्व और हमारे जीवन में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता को बढ़ाना था।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सभी प्रकार के वनों के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही इसके प्रति उत्सव मनाने हेतु **वर्ष 2012 में 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस घोषित** किया।
  - देशों से वृक्षारोपण अभियान जैसी वनों एवं पेड़ों से संबंधित स्थानीय, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ संचालित करने का आग्रह किया जाता है।
- वनों पर संयुक्त राष्ट्र मंच, खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO), तथा अन्य संबंधित संगठन इन प्रयासों को व्यवस्थित करने के लिये सरकारों के साथ सहयोग करते हैं।
- नवीनतम भारत राज्य वन रिपोर्ट (ISFR), 2021 के अनुसार, भारत का **कुल वन और वृक्ष आवरण 80.9 मिलियन हेक्टेयर था, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 24.62% है।**
  - **मध्य प्रदेश में सबसे बड़ा वन क्षेत्र** था, उसके बाद **अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं महाराष्ट्र** का स्थान था।
- भारत की राष्ट्रीय वन नीति, 1988 **का लक्ष्य** पारिस्थितिकि स्थिरिता बनाए रखने हेतु **कुल भौगोलिक क्षेत्र का कम से कम 33% वन क्षेत्र** के अंतर्गत होना है।

और पढ़ें...अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-day-of-forests-2